# सरकार सुलझाएगी गन्ना किसानों की समस्या

- पासवान ने यूपी में किसानों का भुगतान रोकने के लिए मिलों को माना जिम्मेदार

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों के बंद होने की समस्या खत्म करने के लिए केंद्र समझौते के लिए तैयार है। खाद्य मंत्री रामविलास पासवान ने यूपी के गन्ना किसानों के प्रति चीनी मिल प्रबंधन के रवैये से नाराजगी जताई और संकेत दिए कि केंद्र रॉ शुगर के लिए निर्यात सब्सिडी बढ़ाने और गन्ना मूल्य भुगतान के लिए अतिरिक्त ब्याज मुक्त ऋण देने को भी तैयार है।

खाद्य मंत्री ने मिल मालिकों से हुई बातचीत में कहा कि किसानों को परेशान करके समाधान नहीं निकाला जा सकता है। चीनी उत्पादन में यूपी दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, लेकिन यहां की निजी गन्ना मिलों पर किसानों का करीब 4,500 करोड़ रुपये का भुगतान अटका हुआ है। पासवान ने विश्वास जताया कि यूपी सरकार और मिलों के बीच गन्ना मूल्य नीति पर जल्द कोई हल निकलेगा, लेकिन उन्होंने चीनी मिलों के उस फैसले की आलोचना की जिसमें पहले तो राज्य द्वारा किसानों के लिए निर्धारित अधिकतम गन्ना मूल्य देने पर सहमति जताई गई। लेकिन बाद में किसानों को भुगतान करने के वक्त खुद को मूल्य भुगतान के प्रति असमर्थ बताया। पासवान ने मिल प्रबंधनों को चेतावनी देते हुए कहा कि यूपी में मिलों का संचालन बंद करने की धमकी देने वाले लोग क्या किसानों को धमका रहे हैं? किसान गेहूं या अन्य खेती भी कर सकता है, लेकिन करोड़ों रुपये का निवेश करके भी चीनी मिलों को मिल्क यूनिट तक में तब्दील नहीं किया जा सकता है। एजेंसी

Amar Ujala
9/10/14